तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025



धूमधाम से मना श्री रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव... 14



भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन संपन्न... 13






# पाररास रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज के लिए सर्वे के बाद अटक गई फाइल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित पाररास रेलवे फाटक में तीन वर्ष पूर्व ओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव आया था, जिससे इस मार्ग से आने-जाने वाले सैकड़ों राहगिरों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद थी।

लेकिन, तीन साल बीत जाने के बाद भी कछुए की गति से किए जा रहे कार्य के कारण इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों की समस्या दूर होने का नाम नहीं ले रही है। मार्ग से गुजरने वाले लोगों को वर्तमान में फाटक बंद होने पर लंबा इंतजार व जाम का सामना करना पड़ रहा है। इस रेलवे फाटक में ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए सांसद से लेकर विधायक भी मंत्रियों से मिलकर इस समस्या से अवगत करा चुके हैं। लेकिन, इस रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण के लिए हुए सर्वे के बाद निर्माण कार्य का फाईल किस दफ्तर में जाकर लटक गई है, किसी को कुछ पता नहीं है। तीन साल पूर्व इसके बारे में शासन द्वारा बजट में प्रस्ताव लाकर ओवर ब्रिज बनाने की बात कही गई थी। उसके बाद जमीनी जांच का कार्य भी किया गया था और सड़क किनारे लगे आस-पास के अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई थी।

## तीन साल बाद भी शुरू नहीं हुआ काम, लंबे जाम और इंतजार से लोग परेशान

### फाटक खुलने तक करना पड़ता है लंबा इंतजार

जिला मुख्यालय से राजनांदगांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर रोजाना ही दोपहिया से लेकर बड़े मालवाहक वाहनों का सैकड़ों की संख्या में आवागमन लगा रहता है। इस मार्ग पर स्थित पाररास रेलवे फाटक पर रेलगाड़ियों के आवागमन के समय फाटक बंद हो जाने के कारण मार्ग से आने जाने वालों लोगों को फाटक के खुलने तक बहुत ज्यादा इंतजार करना पड़ता है। इसके कारण आपातकालीन वाहनों के साथ ही अन्य जरूरी काम पर जाने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं, फाटक पर इंतजार और लंबा जाम के कारण कई लोग समय पर अपने गतव्य तक नहीं पहुंच पाते और वहीं आपातकालीन वाहन एम्बुलेंस को भी फाटक के बंद हो जाने के कारण लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है और ऐसी स्थिति में कई बार देखा गया है कि एम्बुलेंस में ही गर्भवती महिलाओं का प्रसव हो जाने की खबर कई बार मिल चुकी है। बता दें कि फाटक बंद होने के बाद इस मार्ग पर सिर्फ आमजनता ही नहीं, बल्कि वीआईपी भी इस मार्ग में फंसकर इस समस्या से जूझ चुके हैं।



## खबर संक्षेप

### पीएचई प्रमुख अभियंता शाण्डिल्य ने किया गांवों का निरीक्षण



**बालोद।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता टीडी शाण्डिल्य ने जिले में जल जीवन मिशन के बेहतर संचालन के लिए विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया। उन्होंने बालोद जिले के ग्राम कनेरी, जुंगेरा में समूह जल प्रदाय योजना एवं ग्राम छेड़िया का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गांव में सोख्ता गड्ढा के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने के निर्देश सभी अधिकारी–कर्मचारियों को दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालोद के कार्यपालन अभियंता सागर वर्मा ने बताया कि हर घर नल से शुद्ध जल अब जल्द ही सभी घरों में पहुंचाने के लिए लगातार राज्य स्तरीय अधिकारियों का दौरा जिले में किया जा रहा है। प्रमुख अभियंता शांडिल्य द्वारा ग्राम कनेरी एवं जुंगेरा समूह जल प्रदाय योजना के निरीक्षण दौरान जल शुद्धि संयंत्र, इंटेक वेल एवं एमबीआर के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

### बाबा साहब डॉ. आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आज

**बालोद।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष बालोद में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअली रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों के अलावा समाज प्रमुख भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए प्रत्येक विकासखण्ड से 10–10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सामान्य सेवा केन्द्र के वीएलई के सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू की कार्रवाई भी की जाएगी। डॉ. कन्नौजे ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत ▸▸| शेष पेज 13 पर

## रविवार को आंधी-बारिश से प्रभावित हुआ जनजीवन, हालांकि भीषण गर्मी से मिली राहत

# आंधी ने मचाया कहर, जगह-जगह पेड़ गिरने से आवागमन बाधित, कई स्थानों पर बिजली बंद







हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

रविवार को दल्लीराजहरा शहर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में अचानक आई आंधी और तेज बारिश ने एक ओर जहां मौसम को खुशनुमा बना दिया, तो वहीं दूसरी ओर जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर किया। तेज हवाओं और बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिर गए, जिससे मुख्य मार्गों पर आवागमन प्रभावित हुआ।

दल्लीराजहरा शहर के विभिन्न हिस्सों में पेड़ गिरने से सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। वहीं, कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई मोहल्लों में देर रात तक विद्युत सेवा बहाल नहीं हो सकी, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीण अंचलों में भी इस तूफानी बारिश ने नुकसान पहुंचाया। खेतों में लगी फसलों को नुकसान होने की खबरें सामने आई हैं। वहीं, कई कच्चे मकानों को भी आंशिक क्षति पहुंची है। दल्लीराजहरा नगर निगम और आपदा प्रबंधन दल द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य शुरू कर दिया गया है।

### अंचल में कुछ स्थानों पर कच्चे मकानों को भी पहुंचा नुकसान



### स्थानीय प्रशासन की जनता से अपील

दल्लीराजहरा स्थानीय प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि मौसम की गंभीरता को देखते हुए सतर्क रहें। बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहें। किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन की हेल्पलाइन से संपर्क करें। जहां एक ओर यह मौसम गर्मी से राहत देने वाला है, वहीं इसकी तीव्रता और अनियमितता ने लोगों के लिए चिंता का विषय भी पैदा कर दिया है। आने वाले दिनों में और अधिक सतर्कता बरतना बेहद जरूरी हो गया है।

### मौसम विभाग की चेतावनी

इस बीच मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर आगामी 48 से 72 घंटों के भीतर फिर से आंधी-तूफान और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे बिना आवश्यक कारण के घरों से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

# सामाजिक बैठक में पूर्व सरपंच को धमकी, दो लोगों के खिलाफ समाज ने लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/सिकोसा

ग्राम पसौद के साहू समाज द्वारा हल्दी चौकी में दो शिक्षक पीलेश्वर साहू व डिलेश्वर साहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम पसौद में ग्रामीण साहू समाज द्वारा रविवार को सुबह 11 बजे हल्दी चौकी में हल्ला बोल कर दिया गया। साहू समाज के 180 लोगों ने गांव के ही दो शिक्षक पूर्व सरपंच के पति डिलेश्वर साहू व उनके देवर पिलेश्वर साहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने पहुंचे। बताया जा रहा है कि ग्रामीण साहू समाज पसौद की वार्षिक बैठक 12 अप्रैल को रात्रि 9 बजे आय व्यय के संबंध में रखी गई थी। इसी दौरान आवश्यक बैठक रखी गई। इस दौरान समाज के लोगों ने इन दोनों शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। उसके बाद समाज के सभी 180 घर से एक–एक व्यक्ति ट्रैक्टर व बाइक से हल्दी चौकी पहुंचे। वहां हल्दी चौकी प्रभारी एएसआई नंदकुमार साहू के समक्ष रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों शिक्षक के विरुद्ध धारा 296, 351 (2), वह 325 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

■ ग्राम पसौद में शनिवार को किया गया था बैठक का आयोजन

इस दौरान ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष पोषण लाल साहू, उपाध्यक्ष लखन लाल साहू, कोषाध्यक्ष यादव राम साहू, सचिव कृष्णा राम सोनकलिहारी,



रात्रि 10 बजे उक्त दोनों शिक्षक बैठक में पहुंचे और गांव के ही पूर्व सरपंच बंशीलाल साहू को गाली गलौच व जान से मारने की धमकी तथा देख लेने की बात समाज में ही कर दी। इससे समाज के लोगों में काफी गुस्सा बढ़ गया। रात्रि ज्यादा होने के कारण साहू समाज पसौद द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे सहसचिव पन्नालाल साहू, बंसीलाल साहू, ईश्वरी लाल साहू, द्वारिका साहू, जीवनलाल साहू, बैजनाथ साहू, माखन साहू, कामता प्रसाद साहू, ज्ञान देव राय, जानू राम राय, मुंशी राम साहू, डोमार साहू, गैंद लाल साहू, खुमान साहू, मदन साहू सहित कुल 180 लोग चौकी हल्दी में उपस्थित थे।

# बालोद जिले के सभी पांच विकासखंड जलाभावग्रस्त क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के आदेशानुसार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भू–गर्भ जलस्तर नीचे जाने से पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए जिले के बालोद, गुरूर, डौण्डी, डौण्डीलोहारा व गुण्डरदेही विकासखण्ड को 30 जून 2025 तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।

अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि उक्त जलभाव ग्रस्त विकासखण्डों में 30 जून तक सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि शासकीय एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्पूर्ण जिले में तथा नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें इस अवधि में इसकी जानकारी केवल खनन अधिकारी को भेजना होगा।

■ सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना नहीं होगा कोई नया खनन कार्य

उन्होंने जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है।

जिसके अंतर्गत बालोद नगर पालिका परिषद सीमा के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह राजस्व अनुविभाग बालोद के तहत आने वाले क्षेत्र (बालोद शहरी क्षेत्र को छोड़कर) के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद, राजस्व अनुविभाग गुरूर के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर, राजस्व अनुविभाग डौण्डी के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डी, राजस्व अनुविभाग डौण्डी के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डी, राजस्व अनुविभाग डौण्डीलोहारा के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा तथा राजस्व अनुविभाग गुण्डरदेही के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटाई जारी, विभाग की मौन स्वीकृति!





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/सिकोसा

विकासखंड में प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटाई निरंतर हो रही है। अवैध कटाई का कार्य खुलेआम चल रहा है। अंधाधुंध कटाई से क्षेत्र के कई गांवों के मैदान अब ठूंठ में बदलने लगे हैं। अवैध कटाई पर वन विभाग का मौन रहना आश्चर्यजनक है। इन पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर अखबार में समाचार प्रकाशन होने पर केवल खानापूर्ति कार्रवाई की जाती है। अब देखने वाली बात है कि इस तरह की पेड़ की कटाई को वन विभाग किस तरह रोकने का प्रयास करता है। जिससे पेड़ों की सही निगरानी हो सके। वन परिक्षेत्र के संरक्षण संवर्धन तथा वनों की सुरक्षा के लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिवर्ष क्षेत्र में लाखों करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, किंतु पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने में वन विभाग पूरी तरह असफल है। पेड़ों की अवैध कटाई सिर्फ और सिर्फ लकड़ियों की प्राप्ति के लिए पेड़ काटे गए हैं। ग्रामीणों ने अपने उपयोग के लिए लकड़ी काटे तो तस्कर भी दोहन कर रहे हैं। वन विभाग की अनदेखी से प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटाई निरंतर जारी है। आरोप है कि पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर आमजनों द्वारा विभाग को सूचित करने पर कार्रवाई से पहले पेड़ तस्करों को खबर कर देते हैं जिससे टीम पहुंचने से पहले वहां से हट जाते हैं, फिर विभाग द्वारा दिखावटी कार्रवाई कर कहा दिया जाता है कि कोई नहीं मिला। बता दें कि डिप्टी रेंजर के साथ लकड़ी कोचिया से लेनदेन की रिकार्डिंग वायरल हुआ था।

■ पेड़ों की लगातार कटाई के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं होने से विभाग पर उठ रहे सवाल



### लकड़ी तस्करों पर हो कार्रवाई

इस संबंध में विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि बेशकीमती हरे–भरे पेड़ों के कारण पर्यावरण अच्छा रहता है। बारिश भी पर्याप्त होती है, लेकिन अब बारिश की मात्रा घटने लगी है, जिसका सीधा असर जनजीवन पर पड़ने लगा है। इस कार्य में संलिप्त आरामिलों में छापामार की कार्रवाई के साथ ही इन पेड़ों की कटाई वालों का सहयोग करने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## शासकीयकरण की मांग पूरी करने का किया आग्रह

# केंद्रीय मंत्री तोखन व सांसद भोजराज से मिले पंचायत सचिव, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

पंचायत सचिव संघ ब्लाक ईकाई गुरूर ने शासकीयकरण की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू व सांसद भोजराज नाग को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023–24 में हुए चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया है, पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है, पंचायत सचिव विगत 30 वर्षों से पंचायतों में सेवारत है। गारंटी को पूर्ण किये जाने के संबंध में 7 जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, मंत्री महिला बाल विकास विभाग तथा घोषणा पत्र के संयोजक सांसद दुर्ग की उपस्थिति के बीच सभी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुए शीघ्र ही शासकीयकरण करने का भरोसा देते हुए मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा करते हुए शासकीयकरण करने का भरोसा दिया गया। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है, जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्व आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण की सौगात दी जाएगी। किन्तु बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आक्रोशित हैं। इसलिए इसलिए प्रदेश पंचायत सचिव 17 मार्च को प्रदेश के समस्त ब्लाक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।



इस पर शासन प्रशासन द्वारा हड़ताल अवधि के मध्य पुनः पंचायत सचिवों को छले जाने का प्रयास करते हुए पुनः समिति का गठन कर दिया गया है। लेकिन, इसमें समय सीमा का भी कोई जिक्र नहीं किया गया है। इससे पंचायत सचिव असंतुष्ट एवं आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों की एक ही मांग शासकीयकरण है, जिसके पूरे किये जाने तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अब मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल भी शुरू कर दी गई है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट का फरार आरोपी किया गया गिरफ्तार

**कवर्धा।** पाण्डातराई पुलिस ने बीते महिने होलिका दहन की रात मारपीट कर पीड़ित को गंभीर चोट पहुंचाने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पाण्डातराई पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 30/2025 धारा 118(2), 324(2), 126(2), 296, 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। जिसके तहत पुलिस ने मामले के फरार आरोपी अनिल चंद्रवंशी पिता बालाराम चंद्रवंशी निवासी डोंगरिया कला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड में जेल दाखिल किया गया। इससे पूर्व मामले के तीन अन्य आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### हादसे में मोटर साइकिल चालक की मौत

**डोंगरगढ़।** खैरागढ़ से बोरतलाव मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही होने से दुर्घटना होना अब आम बात हो गई है। इस मार्ग पर पिछले 10 सालो में कई लोग घायल हो चुके है तो कई लोग जान गंवा चुके हैं। बीते शनिवार को अज्ञात ट्रक ने मोटर साईकल चालक को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक ड्राईवर घटना के बाद फरार हो गया और मौके पर ही मोटर साईकल चालक की मौत हो गईं। घटना से गुस्साए लोगों के जमा होने से मार्ग जाम हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को हटाया और आक्रोषित लोगों को हटाकर माहौल शांत कराया।

## आयोजन

**कोलिहामार पहुंचे केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री ने नशामुक्ति व शिक्षा पर दिया जोर**

# शिक्षा के बिना किसी भी समाज की उन्नति की कल्पना भी नहीं की जा सकती : तोखन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की धुरी है। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के किसी भी समाज की उन्नति की परिकल्पना बिल्कुल भी नहीं की जा सकती।

मंत्री श्री साहू विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर के कोलिहामार में गोण्डवाना समाज एवं साहू समाज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित माँ कर्मा महोत्सव एवं गोण्डवाना वार्षिक महाधिवेशन तथा नवनिर्मित सामाजिक भवनों के लोकार्पण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, गोण्डवाना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, केशकाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं गोण्डवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, सहित अन्य समाज प्रमुख एवं जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने नशापान को समाज के विकास के लिए सबसे बड़ा बाधक बताते हुए समाज के लोगों को नशापान से सर्वथा दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहू एवं अतिथियों ने बस स्टैण्ड गुरूर में शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा गुरूर में 50-50 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित गोण्डवाना समाज एवं साहू समाज के सामाजिक भवनों का लोकार्पण भी किया गया।

**माता कर्मा महोत्सव व गोंडवाना वार्षिक महाधिवेशन में हुए शामिल**





श्री साहू ने कहा कि साहू समाज के लोगों को अपने वैभवशाली अतीत से शिक्षा लेना चाहिए। उन्होंने दानवीर भामाशाह के दानवीरता के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप सम्राट अकबर के साथ युद्ध करते हुए घोर आर्थिक कठिनाई से गुजर रहे थे। ऐसी विषम परिस्थिति में हमारे समाज के गौरव दानवीर भामाशाह ने महाराणा प्रताप को असीमित धन देकर उनके आर्थिक कठिनाईयों को सदा के लिए दूर किया था। इस तरह से हमारे समाज के लोगों ने भी जब-जब भी आवश्यकता हुई मातृभूमि के रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। इस अवसर पर उन्होंने भक्त माता कर्मा सहित साहू समाज के अन्य विभूतियों के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों के उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने को कहा। साहू ने समाज के आने वाले पीढ़ी को उच्च शिक्षित बनाने तथा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारी भी बनाने की अपील की।



### समाज की विभूतियों से प्रेरणा लें

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने आदिवासी समाज के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासियों की संस्कृति दुनिया में सबसे समृद्ध एवं वैभवशाली है। उन्होंने कहा कि सीधे, सरल एवं मेहनतकश आदिवासियों द्वारा कठिन परिश्रम से समाज के अन्य सभी वर्गों का भरण पोषण एवं सेवा का पूनीत कार्य किया जाता है। इसके अलावा आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा पेड़-पौधों एवं पशु-पक्षियों की रक्षा कर प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्धन भी इनके संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर उन्होंने साहू समाज के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डालते हुए समाज के विरासत को अत्यंत उज्ज्वल बताया।

### सभी वर्गों के चहुँमुखी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा समाज के सभी वर्गों के चहुँमुखी विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा समाज के संर्वागीण विकास हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर उनका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। वह वास्तव में आने वाले भारत के नवनिर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। साहू ने आदिवासी एवं साहू समाज सहित सभी समाज के लोगों को बेहतर कार्य करते हुए अपने समाज व राष्ट्र के विकास में बहुमूल्य भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने आज के इस कार्यक्रम में गोण्डवाना एवं साहू समाज के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए मांगों के निराकरण हेतु उचित कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया।

# कवर्धा शहर में की गई तालाब संरक्षण अभियान की शुरूआत

## राधा कृष्ण बड़े तालाब में किया गया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ, सुंदर विकसित कवर्धा के संकल्प को लेकर आज से शहर के तालाबो के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज राधा कृष्णा मंदिर बड़े तालाब में साफ-सफाई श्रमदान से शुरुवात किया गया। श्रमदान हेतु नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा समाज सेवी, संस्था प्रमुख को आमंत्रित कर अभियान में शामिल होने निवेदन किया था निवेदन स्वीकार कर हरीतिमा टीम, माँ काली योग समिति, यूथ क्लब, लायंस क्लब के टीम इस अभियान में अपना श्रमदान किया तथा इस स्वच्छता कार्यक्रम को जन अभियान का रूप देते हुए इस तरह के अभियान के लिए नगर पालिका टीम को बधाई देते हुए नगर पालिका क्षेत्र में चलाए जा रहे इस स्वच्छता कार्यक्रम में हर संभव शामिल होने का संकल्प किया।

### स्वच्छता के क्षेत्र आएगी जागरूकता

स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित कवर्धा के संकल्प के साथ नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में आज शहर के तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल की गई। इस अभियान की शुरुआत राधा कृष्णा मंदिर स्थित बड़े तालाब में श्रमदान के माध्यम से सफाई कार्य करके की गई, जो स्वच्छता के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाएगी।

### सभी के सहयोग से बनेगा स्वच्छ कवर्धा

हमारा संकल्प है कि कवर्धा को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाया जाए। इसी दिशा में आज हमने शहर के तालाबों के संरक्षण और संवर्धन की शुरुआत बड़े तालाब की सफाई से की है। यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी का प्रतीक है। मैं सभी नागरिकों से आग्रह करता हूँ कि वे इस मुहिम में सहभागी बनें और अपने शहर को स्वच्छ और समृद्ध बनाने में योगदान दें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को शहर के तालाबो, प्रमुख स्थानों में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चलाया जाएगा। इस अभियान में सामाजिक संस्था, समाज प्रमुखों के साथ साथ गणमान्य नागरिकगण एम, जनसामान्य लोगो को भी जोड़ा जाएगा। श्रम दान करने पहुंचे सामाजिक संगठनों के लोगो ने कहा की स्वच्छ, सुंदर, विकसित कवर्धा की दिशा में यह कदम एक मजबूत शुरुआत है। समाजसेवियों और संस्थाओं को आमंत्रित कर अभियान में सहभागी बनाना सामाजिक जागरूकता को बढ़ाता है और जन-सहभागिता को प्रोत्साहित करता है। तालाबों में श्रमदान से लोगों में सेवा भाव और ज़िम्मेदारी की भावना भी पैदा करता है।

# फिर दबोचे गए आईपीएल में सट्टा खेलाने वाले 2 सटोरिया

- आरोपियों के ठिकाने से 35,850 रुपए नगद व 2 मोबाइल जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आईपीएल क्रिकेट मैच प्रारंभ होने के साथ ही जिलेभर में सट्टा का बाजार गर्म हो गया और सक्रिय सटोरिया बड़े पैमाने में सट्टा बाजार खोलकर सट्टा खेल और खेला रहे हैं। हालांकि जिला पुलिस प्रशासन और साइबर सेल द्वारा इन सटोरियों पर पैनी नजर भी रखी जा रही है तथा कार्यवाही भी की जा रही है। लेकिन माना जा रहा है कि यह कार्यवाही सिर्फ छोटे सटोरियों तक ही सीमित है और आरोप तो यह भी है कि कुछ थानो के पुलिस अधिकारियों ने तो इस सट्टा बाजार को ही अपनी अवैध कमाई का जरिया बना लिया है। हाल ही में सटोरियों के खिलाफ की गई कार्यवाही के दौरान पोंड़ी पुलिस चौकी में ऐसा ही एक मामला सामने आया था। जिसमें पकड़े गए सटोरियों को छोड़ने के एवज में दो लाख रूपए मांगने का आरोप पुलिस अधिकारी पर लगा था जिसके बाद पुलिस चौकी पोंड़ी में लोगों द्वारा भारी हंगामा भी किया गया था। इसी कड़ी में आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खेलाने वाले दो सटोरियों को कवर्धा पुलिस व साइबर सेल की टीम ने फिर गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुलिस टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर रायपुर-राजनांदगांव बायपास तिराहा, कवर्धा में दबिश दी गई, जहां राहुल साहू एवं प्रताप साहू नामक युवकों को सट्टा संचालित करते रंगे हाथ पकड़ा गया। मौके से 35,850 रूपए नगद राशि व दो एंड्रॉइड मोबाइल हैंडसेट जप्त किए गए। मोबाइल में आईपीएल सट्टा से संबंधित डिजिटल साक्ष्य पाए गए। गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान राहुल साहू पिता संतोष साहू आयु 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 24, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, रायपुर रोड, कवर्धा तथा प्रताप साहू पिता बंशी लाल साहू आयु 33 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 25 घोटिया रोड, जुनवानी चौक, कवर्धा के रूप में की गई है। आरोपियों से पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि वे मोबाइल एप व वेबसाइट के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा संचालित कर रहे थे। दोनों को धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत अपराध क्रमांक 147/2025 दर्ज कर विधिसम्मत कार्यवाही की गई साथ ही दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर एसडीएम न्यायालय, कवर्धा में पेश किया है। इस कार्रवाई में थाना कवर्धा से सहायक उप निरीक्षक बंदे सिंह मेरावी, साइबर सेल के एएसआई संजीव तिवारी व प्र आर चुम्मन साहू,आरक्षक संदीप शुक्ला, नारायण पटेल, लेखा चंद्रवंशी, नरेंद्र चंद्रवंशी अजयकांत तिवारी, एवं तकनीकी स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही है।



### दियाबार जलाशय योजना के लिए 78.78 लाख रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दियाबर जलाशय मरम्मत, नहरों का जीर्णोद्धार एवं सीसी लाइनिंग कार्य के लिए 78 लाख 78 हजार रुपए सकी राशि स्वीकृत की है। योजना के कार्य पूर्ण हो जाने पर क्षेत्र में इस जलाशय से कुल 61 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। माना जा रहा है इस योजना के क्रियान्वन से क्षेत्र का न सिर्फ सिंचाई रकबा बढ़ेगा बल्कि क्षेत्र में होने वाली जल समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी।

# ग्राम कामाड़बरी में जिला भाजपा अध्यक्ष ने लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत गत शनिवार को जिला भाजपा के अध्यक्ष द्वारा भाजपा मण्डल बोड़ला अंतर्गत ग्राम कामाडबरी में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला भाजपा के अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कार्यक्रम में उपस्थित जनो को भाजपा की नीति रीति से अवगत कराते हुए केन्द्र व राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वन की जानकारी ली था योजनाओं के लाभार्थियों से भी चर्चा कर जानकारी ली। यहां बताना लाजिमी होगा कि भारतीय जनता पार्टी अपने स्थापना दिवस के अवसर पर गत 6 अप्रैल से 14 अप्रैल बाबा भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती को लेकर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम चलो बस्ती चलो अभियान, बूथ स्तरीय कार्यकम शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा पदाधिकारी सीधे बूथ स्तर के अपने कार्यकर्ताओं और आम लोगों से जुड़ रहे हैं तथा उनसे संवाद स्थापित कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं के साथ भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा कर रहे हैं। इसके अलावा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हे चार्ज किया जा रहा था तथा उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। ग्राम कामाडबरी में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण अपने बीच जिला भाजपा अध्यक्ष को पाकर काफी प्रशन्न नजर आए और उन्होने कई विषयों पर उनसे चर्चा की।



## कलेक्टर ने जनपद पंचायत डौण्डी में विकासखण्डस्तरीय अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# पेयजल संबंधी समस्या की सूचना मिलने पर तत्काल निराकरण कराएं : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जनपद पंचायत सभाकक्ष डौण्डी में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने डौण्डी विकासखण्ड के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के विकास में सहभागी बनने की हिदायत भी दी। उन्होंने सभी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।




इसके अलावा उन्होंने मौजूदा ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए आम जनता के लिए समुचित मात्र में पेयजल एवं निस्तारी हेतु संबंधित विभागों द्वारा पानी की प्रबंध करने हेतु किए गए उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विकासखण्ड में कहीं पर भी पेयजल संबंधी समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल उसका निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में चन्द्रवाल ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, खाद्य, पशु पालन सहित अन्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। चन्द्रवाल ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में मानव दिवस के लक्ष्य एवं उनके विरूद्ध उपलब्धि के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने अमृत सरोवर के कार्यों की समीक्षा करते हुए उसके आसपास मिट्टी के कटाव रोकने हेतु वृक्षारोपण कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने डौण्डी विकासखण्ड में तरल अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए महिलाओं एवं आम जनता को अधिक से अधिक रोजगारमूलक कार्यों से जोड़ने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए डौण्डी विकासखण्ड में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना, राज्य छात्रवृत्ति योजना के अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से स्कूली बच्चों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदार एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को संयुक्त रूप से शिविर लगाकर शत प्रतिशत बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने डौण्डी विकासखण्ड में एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहिन शालाओं की संबंध में जानकारी ली।

चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को डौण्डी विकासखण्ड में जनता को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में उन्होंने टीकाकरण के कार्य की समीक्षा करते हुए इस कार्य को शत प्रतिशत पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों की भर्ती, टी.बी. एवं कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यों की भी समीक्षा की।

## खबर संक्षेप

### गोदाम से सामान पार

**भिलाई।** गोदाम के भीतर घुसकर ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि शिव मंदिर के पास तालाब ग्राम छोटे औरी निवासी रविन्द्र चंद्राकर किसान है। ग्राम करसा रोड में 4 एकड खेती जमीन है। जहां पर फीड गोदाम बना हुआ है। इस गोदाम से 45 हजार रुपए का सामान पार कर दिया गया। घटना 10 अप्रैल की रात की है।

### ट्रेडिंग का झांसा देकर 29.71 लाख की ठगी

**भिलाई।** क्रिप्टो ट्रेडिंग का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318,3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम बिरेझर बस्तीपारा निवासी मनोरंजन प्रसाद सिंह को 15 से 25 मार्च तक अज्ञात मोबाईल धारक ने फोन कर आनलाईन काम करने का झांसा देकर क्रिप्टो ट्रेडिंग नाम से टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। उसके बाद ट्रेडिंग के नाम पर राशि जीतने का लालच दिखाया गया। विभिन्न स्लैबों में रकम लगवाकर जीती हुई रकम को वापस न देकर झांसा देकर पीड़ित से 29 लाख 71 हजार 710 रूपये का ठगी किया गया है। उक्त रकम को विभन्नि बैंक खातों, यूपीआई में जमा करवा कर ठगी किया है। पीड़ित को अज्ञात ने टेलीग्राम ऐप्स डाउनलोड करने को कहा गया। इसके बाद एक-एक करके तीन लोगों से पीड़ित जोड़ गया। जिसमें आयशा इजाबेल, अदिति सिंह, निशा अली है। उक्त कार्य के लिए ग्रुप के लोगों से रुपये तीन हाजर यूपीआई के माध्यम से जमा कराया। कार्य पूर्ण होने पर नियम कायदों के मुताबिक दूसरा कार्य दिया गया। जिसके लिए 4400 रुपए जमा करने का झांसा दिया।

### रेलवे ट्रैक पर मिली महिला की लाश

**भिलाई।** रेलवे ट्रैक पर 50 वर्षीय महिला की लाश मली है। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे मरचूरी में रखवा कर परिजनों की तलाश में जुटी हुई है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रेलवे टैक पोल नंबर 862/2 मध्य डाउन लाईन में 11 अप्रैल को मिली है। शव को देख एक्सीडेंट लग रहा है। महिला का हुलिया चेहरा लंबा, सिर के बाल आदे सफेद पके हुए। शरीर में फुल बांह का नीली छिंटदार ब्लाउज, कमर में नीले रंग का फुल लोवर पहनी हुई है। जो दुर्ग लिंक केबिन से भिलाई नगर के मध्य डाउन लाइन रेल एक्सीडेंट से मृत महिला पाई गई।

### सदस्यता अभियान चलाया गया

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा सदस्यता अभियान जल संसाधन विभाग के शिवनाथ मंडल तांदुला जलाशय के कर्मचारियों के साथ सदस्यता अभियान चलाया।

## पेज का शेष

### बाबा साहब डॉ. ...

आवास योजना के लाभ लेने शेष रह गए हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर उन्हें शत प्रतिशत इस योजना का लाभ दिलाने के लिए 15 से 30 अप्रैल तक 'मोर दुआर, साय सरकार' महाभियान भी चलाया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय संविधान के प्रस्तावना का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन हुआ संपन्न, 133 में से 120 सक्रिय कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

# भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन संपन्न, अंत्योदय के लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाना है उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भाजपा मंडल अर्जुन्दा द्वारा शुक्रवार को भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जहां 133 में से 120 सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिए। भाजपा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और अंत्योदय के लक्ष्य को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह सम्मेलन आयोजित किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीत गुप्ता ने स्वागत भाषण देते हुए लगभग लगभग सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब मिलकर आने वाले समय में जो भी पाटऍ का दिशा निर्देश प्राप्त होगा, पूरी ईमानदारी से संगठन के कार्य को पूरा करेंगे। हमार मंडल विभाजन के बाद यह प्रथम सम्मेलन है और कार्यकर्ताओं का उत्साह 2028 के परिणाम को इंगित करता है। कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी दिनेश्वर बघेल ने प्रदेश न्याय निर्दोषों को पार्टी के कार्यकर्ताओं को अवगत कराया और शत प्रतिशत पार्टी के निर्देशों के तहत कार्यक्रमों को संपन्न करने की बात कही। जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुंदरेय सेतु ने संगठन में अनुशासन एवं एकजुटता पर जोर देते हुए पाटऍं को बूथों पर मजबूत बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करने की अपील की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शुक्ला ने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य कर रही है। इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता अश्विनी यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहस, रेवा राम देवांगन, पूर्व जनपद अध्यक्ष सालिक राम देशमुख, विधानसभा प्रभारी टीनेश्वर बघेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता, ओटेबद भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, महामंत्री पवन सोनवर्षा प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### सत्ता के लिए राजनीति नहीं: चमन देशमुख

जिला भाजपा अध्यक्ष चमन देशमुख ने पार्टी के सिद्धांत अनुशासन रीति नीति से कार्यकर्ताओं को परिचित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कभी सत्ता के लिए राजनीति नहीं की बल्कि अंत्योदय के तर्ज पर जब भी हमारी सरकार प्रदेश में हो या केंद्र में हो बनी है। हमने अंतिम व्यक्ति के विकास के सोच को लेकर आगे बढ़े है।हमारी सरकार लालच लोभ देकर कभी नहीं बनी। ऐसा होता तो अटल जी की सरकार गिरी नहीं होती। हमारे दल का संस्कार सिर्फ सत्ता हथियाना नहीं बल्कि सत्ता को सेवा का माध्यम बनाना है। वरिष्ठ भाजपा नेता अश्विनी यादव ने विष्णु देव सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि आज पूरे देश में किसानों का अगर सम्मान किसी ने बढ़ाया है। तो विष्णु देव सरकार की सरकार ने बढ़ाया है, 3100 प्रति क्विंटल की दर से एवं 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान लेने वाली हमारी सरकार है और हम किसान हितैषी सरकार के कार्यकर्ता है ये हम सब गर्व से कह सकते है।

### मेधावी छात्रा हीना का हुआ सम्मान



**गुण्डरदेही।** ग्राम सकरौद निवासी हीना साहू पिता संजय साहू को कक्षा 10 वीं की मेधावी छात्रा के रूप में सम्मानित किया गया। तहसील अध्यक्ष डॉ मानसिंह सार्वा ने उन्हें सम्मानित किया।

### मां बहादुर कलारिन महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ समर कैंप



**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में हायर सेकेंडरी के छात्र–छात्राओं के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत उन्हें कंप्यूटर का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है, जो 31 मई तक चलेगा।

# पंचायत सचिवों की मांग पूरी करे सरकार : तोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

वर्तमान पंचायत में पदभार ग्रहण करने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। सचिवों की हड़ताल के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। सचिवों का कहना है कि सरकार की वादा खिलाफी एवं हठधर्मिता के कारण उन्हें हड़ताल का सहारा लेना पड़ रहा है।



जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष तोषण साहू ने कहा कि वर्तमान पंचायत कार्यकाल को प्रारंभ हुए लगभग दो माह हो चुके हैं, लेकिन अब तक कार्यकाल ठीक से प्रारंभ नहीं हो सका है। पंचायत सचिव नवीन पंचायत गठन के बाद से ही हड़ताल पर हैं। सचिव वही मांग रहे हैं, जो भाजपा ने अपनी चुनाव गारंटी में पूरा करने का वादा किया था। लेकिन, अपने वादों को पूरा नहीं कर पा रही है। तोषण साहू ने कहा कि सचिवों की हड़ताल के कारण नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को कार्य करने में असुविधा हो रही है। वर्तमान में ग्रामों में पेयजल संकट गहराने लगा है, बरसात के पूर्व तैयारी करनी है, हैंडपंप ट्यूबवेल खराब हो रहे हैं, लेकिन पंचायत कार्य कराने में परेशानी महसूस कर रही है, क्योंकि वित्तीय स्थिति स्पष्ट नहीं है। सचिवों की हड़ताल से आहरण कार्य बाधित है, वहीं प्रशासन ने भी अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है।

तोषण साहू ने कहा कि सरकार सचिवों से चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करे। विलंब की स्थिति में पंचायत में करारोपण अधिकारियों या अन्य सक्षम अधिकारियों को पंचायत का प्रभार दिया जाए, जिससे पंचायत अपने कार्य प्रारंभ कर सके।



# चन्द्रनाहु कुर्मी चंद्राकर समाज की बैठक में जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

उपक्षेत्र अंडा चन्द्रनाहु कुर्मी चंद्राकर समाज के वार्षिक बैठक में समाज से चुनकर आए जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

इनमें गुंडरदेही जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, लोमश चंद्राकर सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, अजित चंद्राकर जनपद सदस्य दुर्ग, सरस्वती चंद्राकर सरपंच सिरसिदा, युगल किशोर कोकड़ी सरपंच, कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर, दुर्ग राज चंद्राकर समाज अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, कुंदन चंद्राकर, पदमाकर चंद्राकर अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ दुर्ग राज, दीनानाथ चंद्राकर अध्यक्ष अंडा उपक्षेत्र चंद्राकर समाज, बसंत चंद्राकर निर्वाचन समिति, भारत चंद्राकर, राजश्री चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, आशीष चंद्राकर एवं अन्य उपस्थित रहे।

# जैन श्री संघ के अध्यक्ष बने ताराचंद

## निवर्तमान अध्यक्ष डॉ प्रदीप ने सौंपा कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जैन श्री संघ के अध्यक्ष के रूप में ताराचंद सांखला को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। इसकी आधिकारिक घोषणा चुनाव अधिकारी कंवरलाल रतन बोहरा ने श्री संघ की सामान्य सभा में की। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ प्रदीप ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष ताराचंद सांखला को पदभार सौंपा।

विगत 13 वर्षों से अध्यक्ष का कार्यभार संभाल रहे डॉ प्रदीप जैन के स्वेच्छा पूर्वक पद से निवृत्त होने के बाद नए अध्यक्ष का चयन किया जाना था। इसके लिए दो नाम सामने आए थे, इसमें एक नाम मोहन नाहटा तथा दूसरा ताराचंद सांखला का था। चुनाव की स्थिति न हो तथा सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने इसके लिए एक समिति बनाई गई जिसमें 9 सदस्य थे। समिति का प्रयास सफल रहा तथा मोहन नाहटा ने ताराचंद सांखला के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया। मोहन नाहटा की इस उदारता के लिए सदस्यों ने उन्हें साधुवाद दिया।



इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने कहा कि संघ के अध्यक्ष रहे स्व भोमराज श्रीश्रीमाल, स्व घेवरचंद सांखला, खेतमल श्रीश्रीमाल, शंकरलाल श्रीश्रीमाल, देवीचंद चोपड़ा एवं डॉ प्रदीप चौरड़िया के आदर्शों के अनुरुप सभी के सहयोग से संघ को साथ लेकर चलने का प्रयास करूंगा। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ प्रदीप ने कहा कि लगभग 13 वर्षों तक संघ ने मुझे जो सम्मान दिया, उसके लिए सभी सदस्यों के प्रति एवं अपने कार्यकारिणी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं। नए अध्यक्ष ताराचंद सांखला अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र ही करेंगे। अभी उन्होंने मांगीलाल ढ़ेलडिया के नाम को सचिव के रूप में घोषित किया है।

ढ़ेलडिया सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। इस अवसर पर जैन श्री संघ सहित सभी अनुषांगिक संस्थाओं, महावीर स्कूल, महावीर जन्म कल्याणक समिति ने अपने आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। दोनों नए पदाधिकारियों को श्री संघ के कंवरलाल रतनबोहरा, रूपचंद गोलछा, विनोद गोलछा, मोहन नाहटा, मनोहर नाहटा, हरीश सांखला, मुकेश भंसाली, देवीचंद गोलछा, विमल भंसाली, मनीष कोठारी, बाबुलाजी ढ़ेलडिया, गुलाब चंद नाहटा, रमेश बाफना, आकाश गोलछा ने हर्ष व्यक्त किया।

**नगर पंचायत के जिम्मेदारों की उदासीनता का फायदा उठा रहे जमीन दलाल**

# पलारी में अवैध प्लाटिंग जोरों पर, पानी निकासी क्षेत्र की भी कर दी गई बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत पलारी के अधिकारियों को पता नहीं है, पटवारी को अनुभव नहीं है, नतीजा हुआ कि नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। जमीन दलाल तालाब पार तक की बिक्री पर आमादा है, उसने परंपरागत बारिश के पानी निकासी क्षेत्र की भूमि की भी बिक्री कर दी। जब तक पटवारी को अनुभव हुआ तब तक जमीन दलाल जमीन की कई टुकड़ों में बिक्री कर चुका था।

प्रशासनिक उदासीनता के चलते नगर पंचायत पलारी अस्तित्व में आने के साथ ही नगरवासियों की परेशानी बढ़ने वाली है, क्योंकि बारिश के पानी निकासी क्षेत्र में प्लाटिंग होने से पानी नगर वासियों के घरों में भी घुस सकता है। नगर पंचायत पलारी में तालाब किनारे, सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे स्थित लगभग दो एकड़ कृषि भूमि को टुकड़ों में काट कर लगातार बेचा जा रहा है। क्षेत्र के पटवारी द्वारा लगातार इसके लिए टुकड़ों में नक्शा, खसरा, बी 1 दिया जा रहा है। भूमाफिया को मिले प्रशासनिक संरक्षण का ही दुष्परिणाम है कि भू माफिया द्वारा तालाब के पार की मिट्टी को हटाकर अपनी जमीन में मिलाकर बेचने की तैयारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग पूरी जमीन को टुकड़ों में काटकर बेचा जा चुका है।



### मकान बनाने के बाद होगी परेशानी

भू माफिया द्वारा प्लाटिंग कर जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है, लेकिन वहां पानी निकासी जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था नहीं की जा रही है। इससे प्लाट लेने वाले ग्राहक मकान बनाने के बाद घरों से निकलने वाला गंदे पानी की निकासी कहां करेंगे, इसका भी विकल्प नहीं है। अवैध प्लाटिंग में जमीन लेने वाले लोगों को दूसरे के खेतों में घरों का गंदा पानी डालना होगा या दूसरे अनिर्मित प्लाट में डाला जाएगा। वहीं, प्लाट में मार्ग के लिए जो जमीन छोड़ी गई है, वह भी बहुत संकरी है। यहां यदि पानी निकासी की व्यवस्था की जाएगी तो सड़क गली के रूप में हो जाएगी, जहां चार पहिया वाहन का प्रवेश भी मुश्किल हो सकता है।

### पहले नकल दिया था, जानकारी होने के बाद बंद कर दिया

क्षेत्र के पटवारी लीलाधर साहू ने कहा कि मुझे अवैध प्लाटिंग के संबंध में अनुभव नहीं था। भूस्वामी ने टुकड़ों में नकल नक्शा मांगा मैंने दे दिया। जब अन्य पटवारी से जानकारी हुई तब मैंने नकल देना बंद कर दिया है। अभी तक इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं दी है।

### नोटिस भेजेंगे

सीएमओ नगर पंचायत पलारी गिरीश साहू ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है। पता कर संबंधित को नोटिस भेजूंगा।

### घरों में घुसेगा पानी

ग्रामीण अध्यक्ष राजेश सोनबेर ने कहा कि अवैध प्लाटिंग से बरसात के पानी की निकासी प्रभावित होगी। बरसात में क्षेत्र का पानी पलारी के सैकड़ों घरों में घुसने की आशंका है।

# दल्ली राजहरा को बहुप्रतीक्षित बायपास सड़क निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा की जनता की लंबे समय से की जा रही बायपास सड़क की मांग अब पूरी होने जा रही है। दल्लीराजहरा विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने बताया कि डौंडी लोहारा विधायक अनिला भेड़िया के निरंतर प्रयासों से शासन द्वारा बायपास एवं रिंग रोड निर्माण योजना के अंतर्गत इस कार्य को नवीन मद में सम्मिलित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत 18 किलोमीटर लंबी बायपास सड़क का निर्माण 500 लाख रुपए की लागत से किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें से वर्तमान बजट में 100 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

इसके अतिरिक्त, दल्ली राजहरा शहर के मुख्य मार्ग को फोरलेन में परिवर्तित करने हेतु 4 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए भी 500 लाख रुपए की लागत स्वीकृत की गई है, जिसमें से 100 लाख रुपए का प्रावधान हो चुका है। डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र में अनेक पुल-पुलियों एवं सड़कों के मरम्मत कार्य भी प्रस्तावित हैं।



- पांच करोड़ की लागत से किया जाएगा 18 किलोमीटर लंबी बायपास सड़क का निर्माण

इनमें कुसुमकसा बस्ती से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पुल निर्माण प्रमुख है, जिसकी मांग लंबे समय से की जा रही थी। उन्होंने बताया कि अनिला भेड़िया ने इस कार्य को प्राथमिकता दी और उनके अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया है।

# भाजपा मंडल डौंडीलोहारा के कार्यकर्ताओं ने किए सेवा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला के निर्देश पर भाजपा स्थापना दिवस से लेकर अंबेडकर जयंती तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा मंडल डौंडी लोहारा द्वारा अनेक सेवा कार्य किया गया।

बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर 8:00 बजे नगर स्थित अम्बेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष साफ सफाई किया गया तथा शाम 6:00 बजे महिला मोर्चा द्वारा अम्बेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर रोशनी की गई।

शाम 5:00 बजे स्थानीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर





जिला भाजपा के उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष निवेन्द्र टेकाम, महामंत्री संदीप लोढा, मंडल सह संयोजक धर्मेंद्र निषाद, जिला कार्यकारिणी सदस्य जसराज शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष लता गुप्ता,धीरेन्द्र टांक,महेंद्र जायसवाल, भाजयुमोर्चा जिला मंत्री पलाश गुप्ता, भानुदेवदास, धीरज लोढा, दिलीप बाफना,अनिता सिन्हा, निखिल शर्मा, पार्षद गणों में प्रमुख रुप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा उपाध्याय, ममता यादव, सूर्यकला ठाकुर, रेवती कोलियारे, वीर सिंह ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

HEALTH TOWN

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## झरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों का किया गया चयन

**लाटाबोड़।** झरिया लोहार विश्वकर्मा समाज हल्दी पसौद परिक्षेत्र पंजीयन क्रमांक 25926 की वार्षिक बैठक 12 अप्रैल को हल्दी के सामाजिक भवन में रखी गई। जिलाध्यक्ष कोमल विश्वकर्मा की उपस्थिति में सर्व सम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक मिनेश विश्वकर्मा, धनेशराम विश्वकर्मा, भूपतराम विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, पुहुपराम विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, ललित विश्वकर्मा, सोहद्रा विश्वकर्मा, कलिन्द्री विश्वकर्मा, भीमा विश्वकर्मा, सीता विश्वकर्मा, संतोषी विश्वकर्मा सहित नये सदस्यों का भी चयन किया गया।

## दो युवकों की लाश मिली जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई/अंडा।** दो अलगअलग लाश मिलने से सनसनी फैल गई। ग्राम महमरा कैफेट एरिया के सामने शिवनाथ नदी पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। जिसकी उम्र 38-40 साल का है। हुलिया शरीर सामान्य , बाल छोटा काला चेहरा, शरीर में फीका गाजरी कलर का शर्ट एवं पूरा पेंट पहना,काला बनियान इलास्टिक वाला पीला लाल अंडरवियर पहना हुआ। बाएं हाथ की अंगुली में बाजारू अंगूठी, कमर में बेल्ट पहना हुआ। उसके गर्दन में तुलसी माला, दाहिने भुजा गोदना माँ, बाये भुजा अंग्रेजी में एसपी लिखा टैटू बना हुआ है। वहीं दूसरी घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। जहां तांदुला नहर में बहते एक युवक की लाश पुलिस को मिली है। जो ग्रे रंग का शर्ट पहना हुआ है। जेब में कुछ रुपए भी मिले है। साथ में एक मंचन की डिब्बी भी मिली है। शव को शिनाख्त के लिए मरचूरी में रखवा दिया गया है। अवस्था में मिली है।

## मोबाइल छीनकर भागने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल छिनकर फरार होने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 304, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि रामजानकी मंदिर राम नगर निवासी सुभाषणी सागर ने शिकायत किया था कि 25 मार्च की रात मेडिकल स्टोस से काम कर पैदल अपने घर जा रही थी। अचानक बाइक सवार तीन युवक पहुंचे और मोबाइल छिनकर फरार हो गए। तीनों घटना को अंजाम देकर आजाद चौक की ओर भाग निकले। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक संदेही मोबाइल बेचने की फिराक में दच्छु बाड़ी के पास घुम रहा था।





### राजवाड़ा हनुमान पूजन समिति ने कराया भंडारा

**बालोद।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को राजवाड़ा हनुमान पूजन समिति बुढ़ापारा की ओर से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। दोपहर से लेकर देर शाम तक श्रद्धालु भंडारा महाप्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। इस दौरान समिति की ओर से पॉलीथिन और डिस्पोजल मुक्त आयोजन करते हुए स्टील के बर्तन का उपयोग किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**जन्मोत्सव :** भगवान हनुमान के मंदिरों में दर्शन व पूजा के लिए सुबह से लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

# धूमधाम से मना श्री रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव पूजा-आरती के बाद निकली शोभायात्रा, हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पहले बाबा दरबार में लक्ष्मण बाबा ने श्री रामभक्त हनुमान की पूजा-अर्चना की। उसके बाद शोभायात्रा प्रारंभ की गई, जो बजरंग पारा से बजार चौक मेन गली शितला पारा कर्मा चौक बम्लई पारा गोल्डन चौक होते महावीर उद्यान पहुंची। इस दौरान जगह-जगह हनुमान जी की भक्तों ने पूजा अर्चना की।

बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं एवं बच्चों के साथ युवा नाचते और जयकारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। इससे पहले सुबह से ही दरबार में एवं महावीर उद्यान में हनुमान जी की पूजा व उनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दोपहर 3 बजे से प्रसाद खिचड़ी हलुआ वितरण किया गया। रात्रि 10 बजे से भक्तों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल की प्रस्तुति की गई जिसमें नवीन देशमुख हास्य कलाकार एवं हेमलाल कौशल दे दर्शकों को हंसा कर लोट-पोट कर दिया। कार्यक्रम शुरू होने के पहले अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कामेश्वर साहू, राजेश चन्द्राकर, हेमलाल कौशल, नवीन देशमुख, वासुदेव स्प्रे, लक्ष्मण बाबा, विनोद कुमार साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, गुलाब साहू, मुनना गंधर्व सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### निपानी में हनुमान जन्मोत्सव पर हुई रामायण कथा





**बालोद।** ग्राम निपानी में चंद्राकर परिवार द्वारा श्री हनुमान जी का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भगवान हनुमान की पूजा के बाद प्रसादी वितरण व रामायण कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामायण के पंचम कांड सुंदरकांड में भगवान हनुमान के प्रसंगों की सुंदर व्याख्या की गई। रामायण की प्रस्तुति सरस्वती महिला मानस मंडली की ओर से दी गई, कार्यक्रम मे गिरधर चंद्राकर, आकाश चंद्राकर, रोहन चंद्राकर व समस्त चंद्राकर परिवार का सहयोग रहा।

## मन्होरा में धूमधाम से मना श्री हनुमान जन्मोत्सव



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम मन्होरा स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम मनाया गया। इस अवसर प्रातः पंडित कृष्ण कुमार के मार्गदर्शन में भगवान श्री हनुमान जी की पूजा के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में खीर–पूड़ी, केला, हलुवा राहगीर को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजकूमार पाण्डे, राजु मिश्रा, तोरण साहू, रमन यादव, अधनूराम साहू, हेमन्त यादव सहयोग रहा।

## थाना अंडा परिसर में धूमधाम से मनाया गया श्री रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के थाना अंडा सहित ग्रामीण अंचल में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अंडा क्षेत्र के अंतर्गत चिंगरी, अछोटी, भरदा, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, पिसेगांव, भानपुरी, जंजगिरी विनायकपुर आमटी मासाभाट आलबरस निकुम खाड़ा रूदा भोथली तिरगा झोला अंजोरा खपरी सिलोदा रसमड़ा बोरई गानयारी सहित हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर हनुमान मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में भजन कीर्तन करने के साथ ही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुजारी महेंद्र पाण्डेय, एएसआई तुलसी राम साहू, आरक्षक कौशलेंद्र बघेल, तेजेश्वर साहू, उत्तम वर्मा, अजय चन्द्राकर, महिला आरक्षक जस्मिका कुम्हारे, डा. एन.साहू, गोलू चन्द्राकर, बलराम साहू, बिरेंद्र साहू सहित थाना स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित थे। इसी तरह मनसुख टांक, जितेश टांक के यहां भी बड़े ही धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा व सुंदर काण्ड का पाठ किया गया और भंडारे का आयोजन किया गया।

## बजरंग दल ने भाठागांव आर से गुण्डरदेही तक निकाली शोभायात्रा



**गुण्डरदेही।** भाठागांव आर से गुण्डरदेही तक बजरंग दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, योगेश शर्मा, सरपंच रूपेश्वर यादव, बजरंगदल जिला सहसंयोजक स्वप्निल शर्मा, चित्रकांत कतलम, राजआर्यन रात्रे व यशवंत मेश्राम ने भगवा ध्वज लहराकर रैली को रवाना किया। उक्त शोभायात्रा भाठागांव आर से जोरातराई, रनचिरई, परसाही, कसौंदा एवं अन्य गांव होते हुए गुण्डरदेही पहुंचे, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष. प्रमोद जैन एवं पार्षद व नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत कर नगर भ्रमण किया गया।

## सिकोसा के लोगों ने मछली बाजार को सुव्यवस्थित करने की मांग की



**बालोद/सिकोसा।** शासन की योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत में सुशासन तिहार के अवसर पर लोगों ने पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत सिकोसा सरपंच के समक्ष अपनी मांग रखी। मांगों में मछली हाट बाजार, प्रसाधन की व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था प्रमुख मांगें हैं। मछली हाट बाजार में जो कि आस–पास के गांवों से व्यापार करने आते हैं। सिकोसा व्यापार का एक बड़ा केंद्र है। मछली बाजार के नजदीक में स्थित मोहल्ले के लोग रहते हैं। साथ ही रेलवे स्टेशन मार्ग पर प्रतिदिन आम जनता गुजरती है, जहाँ आम व्यक्तियों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन, खुले में मछली बाजार लगने से आम जन को परेशानी होती है। बाजार स्थल पर प्रसाधन की सुविधा नहीं है। इसी प्रकार पेयजल की भी समस्या है। आवेदनकर्ताओं ने ग्राम पंचायत से बाजार को सुव्यवस्थित करने की मांग की है।

■ सुशासन तिहार के अवसर पर पंचायत में दिया आवेदन

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## अंगारी में रायपुर के विशेषज्ञ डाक्टरों ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बालोद।** ग्राम पंचायत अंगारी में रायपुर के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन सरपंच ममता डड़सेना, सुपुत्री डॉ. पूर्वा डड़सेना एवं समस्त ग्रामवासी अंगारी के सौजन्य से आयोजित किया गया। जहां रोग जांच, पैथोलॉजी एवं दवाई वितरण निःशुल्क रूप से किया गया। डाक्टर पूर्वा डड़सेना, विक्रम गुप्ता एवं अन्य स्टाफ नर्स ने शिविर कार्यक्रम के तहत लगभग 200 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया। लोगों ने शिविर में अनेक से बीमारियों का इलाज करवाया। इस कार्यक्रम में सरपंच ममता डड़सेना, पंच चतुर नेताम, गंगाधर साहू, जागेश्वर पटेल, मीना साहू, मनभा पटेल, हेमीन बाई एवं मनोज साहू, रवि निषाद, विजय सोनकर, अश्वनी डड़सेना, खेमराज कुमार, टुमन, टामेश्वरी सिन्हा, खेमिन सिन्हा, गीता सिन्हा, मुन्नीबाई सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ग्राम खपरी ब में हुआ दुर्गा चालीसा पाठ

**गुण्डरदेही।** हनुमान जन्मोत्सव पर ग्राम खपरी ब के सामुदायिक भवन में 24 घंटे दुर्गा चालीसा पाठ किया गया। इसके माध्यम से लोगों को नाश मुक्ति के बारे में बताया। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



ग्राम मासाभाट में शिव पुराण कथा में कथावाचक ने बताई बारह ज्योतिर्लिंगों की महिमा

## आत्ममंथन करेंगे, तो अपने हृदय में विराजित परमपिता परमात्मा को पहचानेंगे : उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

ग्राम मासाभाट में चल रहे शिव पुराण कथा में अंतिम दिन की कथा में कथावाचक आचार्य बालव्यास मुरलीधर उपााध्याय ने बारह ज्योतिर्लिंग की महिमा कथा व दर्शन की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि इन ज्योतिर्लिंगों में स्वयं महादेव प्रकट हुए, जिसके कारण युगों से पूजनीय हैं।

उन्होंने बताया कि सोमनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम, भीमाशंकर, घृणेश्वर, केदारनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, विश्वेशर, त्रयंबकेश्वर बारह ज्योतिर्लिंग हैं। चार वेद, चार धाम, 18 पुराण सहित कई शास्त्र हैं। भगवान साक्षात विराजित हैं। फिर भी कई मनुष्य यत्र तत्र बहकावे में आकर अपना धर्म परिवर्तन कर झूठी सुख शांति के लिए भटक रहा है। उन्होंने कहा कि समय रहते माया की निंद्रा से जागो, इन स्थानों पर पूरे परिवार सहित जाकर दर्शन करो। आत्ममंथन करे तो आपके हृदय में विराजित परमपिता परमात्मा को पहचानेंगे। आपके किंचित मात्र पुकार से प्रभु स्वयं आकर रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान ने द्रौपदी की लज्जा राखी, गजेन्द्र को मगरमच्छ से बचाया, अहिल्या को तारा, शबरी के जूठे बेर खाये, दरिद्र दीनहीन सुदामा को प्रभु ने श्रीदामा बना दिया, प्रभु कई रुपों में आते हैं, जब जीव में शिव है।



### रूद्राभिषेक कर दी गई पूर्णाहुति

वहीं पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक कर सभी ने मिलकर पूर्णाहुति दी। वहीं घर-घर संध्या को शिवपुराण की आरती उतारी गई। गांव में सुख समृद्धि की कामना की गई। भोजन भंडारा किया गया। इस आयोजन में परीक्षित स्वरुप कल्याण साहू, चन्दा बाई, नम्मू रुपा साहू, बिरेन्द्र साहू, अहिल्या साहू, लोकेश्वर साहू, थानेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में कथा श्रवण कर रहे हैं। 13 अप्रैल को दोपहर 1 बजे बारह ज्योतिर्लिंग कथा, शिव अर्चना होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411